# विज्ञान

(www.tiwariacademy.com)

(अध्याय – 7)(जीवों में विविधता)

(कक्षा – 9)

## पेज 105

**प्रश्न 1:**

पोरीफ़ेरा और सिलेंटरेटा वर्ग के जंतुओं में क्या अंतर है?

**उत्तर 1:**

पोरीफ़ेरा और सिलेंटरेटा वर्ग के जंतुओं में अंतर:

| S. No. | पोरीफ़ेरा | सिलेंटरेटा |
|---|---|---|
| 1. | सबसे सरल बहुकोशकीय जीव जिनमे ऊतकीय संगठन नहीं होता है। | बहुकोशकीय जीव जिनमे ऊतकीय संगठन होता है। |
| 2. | अचल जीव होते हैं तथा इनके शरीर में अनेक छिद्र पाए जाते हैं। | सचल जीव होते है तथा जलीय होते हैं। जिनमें कुछ कोलोनी में भी रहते हैं। |
| 3. | इन जीवों में ऊतकों का विभेदन नहीं होता है। | बहुकोशकीय जीव होते हैं जिनमें ऊतकीय संगठन होता है। |
| 4. | जैसे: यूप्लेक्टेला, सॉइकान आदि। | जैसे: हाइड्रा, समुद्री एनीमोन आदि। |

**प्रश्न 2:**

एनिलीडा के जंतु, आर्थोपोडा के जंतुओं से किस प्रकार भिन्न हैं?

**उत्तर 2:**

एनिलीडा के जंतु, आर्थोपोडा के जंतुओं में अंतर:

| S. No. | एनिलीडा | आर्थोपोडा |
|---|---|---|
| 1. | ये द्विपार्श्वसममित तथा त्रिकोरिक होते हैं। | ये द्विपार्श्वसममित होते हैं। |
| 2. | असली देहगुहा पाई जाती है। | देहगुहा रक्त से भरी हुई होती है। |
| 3. | इनमें जुड़े हुए पैर नहीं होते हैं। | इनमें जुड़े हुए पैर होते हैं। |
| 4. | जैसे: केचुआ, जोंक आदि। | जैसे: बिच्छू, मकड़ी आदि। |

**प्रश्न 3:**

जल – स्थलचर और सरीसृप में क्या अंतर है?

**उत्तर 3:**

जल – स्थलचर और सरीसृप में अंतर:

| S. No. | जल-स्थलचर | सरीसृप |
|---|---|---|
| 1. | जल और थल दोनों में रहते है उभयचर कहलाते हैं। | कुछ जल में तो कुछ थल पर रहते हैं परन्तु उभयचर नहीं होते हैं। |
| 2. | जल में अण्डे देते हैं तथा अंडे कठोर कवच से ढके हुए नहीं होते हैं। | अंडे जल से बाहर जमीन पर देते हैं तथा अंडे कठोर कवच से ढके हुए होते हैं। |
| 3. | श्वसन गिल्स, त्वचा और फेफड़ो द्वारा होता है। | श्वसन केवल फेफड़ो द्वारा होता है। |
| 4. | जैसे: मेढक, टोड आदि। | जैसे: कछुआ, साँप आदि। |

**प्रश्न 4:**

पक्षी वर्ग और स्तनपायी वर्ग के जंतुओं में क्या अंतर है?

**उत्तर 4:**

पक्षी वर्ग और स्तनपायी वर्ग के जंतुओं में अंतर:

| S. No. | पक्षी वर्ग | स्तनपायी वर्ग |
|---|---|---|
| 1. | शरीर पंखों से ढका होता है परन्तु बाल नहीं होते हैं। | शरीर पर बाल युक्त त्वचा होती है। |
| 2. | हड़ियाँ खोखली होती है। | हड़ियाँ अपेक्षाकृत भारी होती हैं। |
| 3. | अण्डे देते हैं और दुग्ध ग्रंथियाँ उपस्थित नहीं होती हैं। | बच्चों को जन्म देते हैं और दुग्ध ग्रंथियाँ उपस्थित होती हैं। |
| 4. | चोंच होती है। | मुँह में दाँत होते हैं। |
| 5. | जैसे: कबूतर, चील आदि। | जैसे: कुत्ता, गाय, मनुष्य आदि। |